## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.10.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. नागरिक उड्डयन मंत्रालय की बड़ी उपलब्धि, अक्तूबर माह में स्वच्छता अभियान के दौरान मंत्रालय ने सत्तासी प्रतिशत लोक शिकायतों का निवारण किया।
2. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने एम्स के दीक्षांत समारोह में कहा–ग्यारह वर्षों में मेडिकल सीटों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई।
3. आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत फीनिक्स बे में महिला एवं युवा सम्मेलन में एक हजार से अधिक नागरिकों ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया।
4. मत्स्य निदेशालय ने समुद्री शैवाल और मोती पालन के लिए लीज़ प्रक्रिया शुरू की।

<><><><><><><>

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने लंबित मामलों के निपटारे और कार्यस्थल सुधार के लिए चल रहे विशेष अभियान 5.0 में अब तक महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। दो से इक्कतीस अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में मंत्रालय ने सत्तासी प्रतिशत लोक शिकायत निवारण लक्ष्य पूरे कर लिए हैं। अब तक चार हजार नौ सौ अट्ठासी भौतिक फाइलें हटाई गईं, चार सौ पांच स्वच्छता अभियान आयोजित किए गए और इक्कतीस हजार तीन सौ तिरपन वर्ग फुट कार्यालय स्थान मुक्त किया गया है। इसके साथ ही इक्यासी दशमलव छः छः लाख रुपये का राजस्व स्क्रैप निपटान से प्राप्त हुआ है। मंत्री श्री राममोहन नायडू के नेतृत्व में मंत्रालय शारीरिक, डिजिटल और मानसिक रूप से एक सकारात्मक और सुव्यवस्थित कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है। उन्होंने मंत्रालय के अधिकारियों को स्वच्छता और अनुशासन को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने आज नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पचासवें वार्षिक दीक्षांत समारोह में स्नातक छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि एम्स ने चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और रोगी देखभाल में भारत ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि पिछले ग्यारह वर्षों में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या तीन सौ सत्तासी से बढ़कर आठ सौ उन्नीस हो गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सत्ताईसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर आयुष्मान भारत –प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत द्वीप समूह में निजी अस्पतालों के साथ स्थानीय स्तर पर समझौता ज्ञापन करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इससे मरीजों को मुख्य भूमि भेजे बिना कैशलेस इलाज मिल सकेगा और अनावश्यक रेफरल से बचाव होगा। यह पहल मरीजों के आर्थिक बोझ को कम, स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने में मदद करेगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत नई ग्रामीण सड़कों के निर्माण पर परामर्श बैठक अटल भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी ने की। इस बैठक में सांसद बिष्णु पद रे और श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद सचिव अज़हरुद्दीन ज़हीरुद्दीन काज़ी ने भाग लिया। इस अवसर पर एम एस रेडिएंट

कंसल्टेंट, कोलकाता द्वारा प्रस्तावित सड़कों की तकनीकी रूपरेखा और कार्यान्वयन योजना प्रस्तुत की गई। बैठक में मिले सुझावों को परियोजना प्रस्तावों के अंतिम रूप में शामिल किया जाएगा।

<><><><><><><>

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा करते हुए बाईस सितंबर को इसकी शुरूआत की। द्वीपों के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र से जुड़े विक्रेता ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में जीएसटी सुधार से ग्राहकों को मिल रहे लाभ के बारे में अपने विचार साझा किए–

**बाईट–जी एस टी–27 से0**

<><><><><><><>

आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत महिला एवं युवा सम्मेलन का आयोजन आज केरल समाजम, फीनिक्स बे में हुआ, जिसमें एक हजार से अधिक महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सांसद बिष्णु पद रे, प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष शेर सिंह, शीला सिंह, एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष पी. योगेश ने उपस्थित जनसमूह को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान छोलदारी की बालिकाओं ने आकर्षक भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत किया।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग ने छह से चौबीस अक्टूबर तक साइबर सुरक्षा जागरूकता माह आयोजित किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे साइबर सुरक्षा माह का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य छात्रों में सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन जे एन आर एम के प्रधानाचार्य डॉ. एच.के. शर्मा ने किया। समापन समारोह में बार एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट राकेश पाल गोबिंद ने साइबर कानून पर विस्तार से जानकारी दी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के मत्स्य निदेशालय ने समुद्री शैवाल और मोती पालन गतिविधियों के लिए समुद्री क्षेत्रों की लीज के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके तहत मछुआरे, मछली पालनकर्ता, मछली व्यापारी, व्यक्तिगत उद्यमी, निजी फर्म, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स, मछली पालन सहकारी समितियाँ, जॉइंट लायबिलिटी ग्रुप्स और फिश फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन एवं कंपनियाँ आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रपत्र, सूचीबद्ध समुद्री क्षेत्र और विस्तृत शर्तें आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि चौबीस नवंबर है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के खेल और युवा मामले निदेशालय की ओर से पुरुष एवं महिलाओं के लिए नेताजी स्टेडियम से ओपन रोड रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और खेलों में भागीदारी बढ़ाना था। इस रेस में स्कूल, कॉलेज, विभिन्न संस्थाओं और आम जनता सहित दो सौ पचास प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल रंगाचांग की अर्पिता टोपो और पुरुष वर्ग में मद्रास टेरिटोरियल आर्मी के संदीप प्रथम स्थान पर रहे। विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए गए। अगली रोड रेस आठ नवम्बर को स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम द्वारा कैजुअल एंकर व प्रस्तुतकर्ता के पैनल की तैयारी के लिए स्क्रीन टेस्ट, ऑडिशन और साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। आवेदन पत्र सत्ताईस अक्टूबर से दूरदर्शन केंद्र से कार्यालय समय में प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि इक्कतीस अक्टूबर है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के अंतर्गत शिक्षा निदेशालय द्वारा राज्य स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता–दो हजार पच्चीस का आयोजन टैगोर सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षा उप–निदेशक ज्ञानशील दुबे ने विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में तैंतीस विद्यार्थी और छह शिक्षक शामिल हुए। मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने लोक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पीएम श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल आर.के.पुर रोल प्ले प्रतियोगिता में विजेता रहा। दोनों टीमें आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उप निदेशक शिक्षा (विज्ञान) राम प्रवेश ने पुरस्कार वितरित किए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने दक्षिण अंडमान जिले में दो नए खेलो इंडिया केंद्र स्थापित किए हैं। इसके तहत युवाओं की खेल प्रतिभा पहचान के लिए पंजीकरण एवं चयन परीक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन सशस्त्र पुलिस इकाई के कार्यालय, श्री विजयपुरम को भेज सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि चार नवम्बर है।

<><><><><><><>